कार्यालय निदेशक, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर

कार्यालय आदेश

इस कार्यालय के आदेश क्रमांक शिविरा/माध्य/संस्था/बी–2/45002/प्रधाना./स्था. /2019 दिनांक 29.09.2019 द्वारा श्री पंकज चतुर्वेदी, प्रधानाचार्य, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खडैरा (KHADERA), सेवर, जिला भरतपुर का स्थानान्तरण राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खारची (KHARCHI) जिला बाडमेर किया गया था जिसके विरूद्ध श्री पंकज चतुर्वेदी द्वारा माननीय राजस्थान सिविल सेवा अपील अधिकरण, जयपुर में अपील संख्या 4304/2019 पंकज चतुर्वेदी बनाम राजस्थान राज्य व अन्य दायर की गई।

अपील संख्या 4304/2019 में माननीय अधिकरण द्वारा पारित निर्णय दिनांक 11.11.2019 द्वारा अपीलार्थी को अपनी व्यक्तिगत कठिनाईयों के सम्बन्ध में प्रत्यर्थी विभाग के सक्षम अधिकारी के समक्ष अपनी अपील में वर्णित आधारों पर एक अभ्यावदेन पेश करने और प्रत्यर्थी विभाग के सक्षम अधिकारी द्वारा उपयुक्त आशय का अभ्यावदेन प्राप्त होने पर उसे विधि अनुसार एक सकारण अख्यात्मक आदेश प्रसारित कर निस्तारित करने और ऐसे निस्तारण की सम्यक सूचना अपीलार्थी को प्रदान किये जाने सम्बन्धी आदेश प्रदान किये गए।

माननीय अधिकरण के निर्णय के क्रम में अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत अभ्यावेदन में अपना पदस्थापन राजकीय उच्चं माध्यमिक विद्यालय अटारी नदबई, भरतपुर अथवा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय महलोनी बयाना, भरतपुर किये जाने की मांग की गई।

अपीलार्थी के अभ्यावेदन का माननीय अधिकरण द्वारा पारित निर्णय तथा राज्य सरकार व विभाग के दिशा–निर्देशों/नियमों/परिपत्रों के परिप्रेक्ष्य में परीक्षण किया गया एवं उनकी मांग पर विचार किया गया। अपीलार्थी के वर्तमान पदस्थापन स्थान पर दोहरे पदस्थापन की स्थिति नही होने के कारण उनके अभ्यावेदन पर सहानुभूति पुर्वक विचार करते हुए आलोच्य स्थानान्तरण आदेश दिनांक 29.09.2019 को अपीलार्थी श्री पंकज चतुर्वेदी की हद तक एतद् द्वारा प्रत्याहरित किया जाता है, जिसके फलस्वरूप श्री पंकज चतुर्वेदी राउमावि खडैरा (KHADERA), सेवर, जिला भरतपुर में प्रधानाचार्य के पद पर कार्यरत रहगे। सम्बन्धित सूचित हों।

(नथमल डिडेल)
आई.ए.एस
निदेशक माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान, बीकानेर

क्रमांकः शिविरा–मा./संस्था/बी–2/अपील/पंकज चतुर्वेदी/4304/2019 दिनांक 29.11.2019

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु:–

1. विशिष्ट सहायक, माननीय शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान सरकार, जयपुर।
2. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, स्कूल शिक्षा एवं भाषा विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर।
3. संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा, भरतपुर/जोधपुर संभाग।
4. मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, बाडेमर/भरतपुर।
5. जिला शिक्षा अधिकारी, (मुख्यालय) माध्यमिक, बाडमेर/भरतपुर।
6. जिला शिक्षा अधिकारी (विधि) माध्यमिक, जयपुर।
7. सहायक निदेशक, विधि अनुभाग कार्यालय हाजा।
8. सिस्टम एनालिस्ट कम्प्यूटर अनुभाग को विभागीय वैबसाइट पर अपलोड हेतु।
9. श्री पंकज चुतर्वेदी, सम्बन्धित प्रधानाचार्य।
11. निजी/रक्षित पत्रावली।

संयुक्त निदेशक(कार्मिक)